दिनांक : ३१.१०.२०२४
राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: ०२

आज मेट्रो ट्रेन शाम सात बजे तक ही चलेगी

अहमदाबाद@पत्रिका. दिवाली के अवसर पर अहमदाबाद में गुरुवार को मेट्रो ट्रेनें शाम सात बजे तक ही दौड़ेंगी। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने बुधवार को यह घोषणा की। जीएमआरसी के अनुसार फिलहाल अहमदाबाद में मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह 6.20 बजे से रात 10 बजे तक रहती हैं। दीपावली पर सार्वजनिक रूप से पटाखे फोड़ने और और मेट्रो ट्रेन के यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत सभी कॉरिडोर में प्रत्येक टर्मिनल स्टेशन जैसे मोटेरा स्टेडियम, एपीएमसी, वस्त्राल गाम और थलतेज से अंतिम ट्रेन का प्रस्थान शाम 7 बजे होगा।